महिला आयोग की जनसुनवाई में 28 प्रकरणों पर हुई सुनवाई

4





## खबर संक्षेप

### यातायात पुलिस ने 15 नाबालिग वाहन चालक पर की कार्रवाई

**जांजगीर-चांपा।** चांपा एवं जांजगीर के स्कूलों, चौक चौराहों पर यातायात पुलिस ने 15 नाबालिक चालकों पर कार्रवाई की है। अभियान के दौरान शहर के विभिन्न स्कूलों के आसपास तथा प्रमुख चौक-चौराहों पर सघन जांच की गई, जिसमें एक ही दिवस में 15 नाबालिग वाहन चालक वाहन चलाते हुए पाए गए। यातायात पुलिस द्वारा सभी नाबालिग वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए प्रत्येक प्रकरण में 2-2 हजार रुपये का समन शुल्क वसूल किया गया। साथ ही उनके परिजनों को थाना व यातायात कार्यालय बुलाकर समझाइश दी गई कि वे अपने नाबालिग बच्चों को किसी भी परिस्थिति में दोपहिया अथवा चारपहिया वाहन चलाने की अनुमति न दें।

### प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी दावा-आपत्ति 9 तक आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना (पूर्व में जवाहर उत्कर्ष योजना) अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 5 जुलाई को जिला मुख्यालय में आयोजित की गई थी। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया गया है। परिणाम आदिवासी विकास विभाग के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है तथा जिले की वेबसाइट पर भी अपलोड किया गया है। जारी परीक्षा परिणाम के संबंध में अभ्यर्थी कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर 9 जुलाई तक दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

## नगर पंचायत बम्हनीडीह में निर्विरोध बने उपाध्यक्ष

# भाजपा- कांग्रेस प्रत्याशियों का नामांकन समय पर नहीं हुआ जमा, बागी ने खिलाया कमल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

नगर पंचायत बम्हनीडीह में उपाध्यक्ष चुनाव को लेकर चली आ रही गहमा गहमी का पटाक्षेप भाजपा के बागी प्रत्याशी के निर्विरोध उपाध्यक्ष बनने के साथ हुआ। दरअसल भाजपा पार्षद के बहुमत वाले नगर पंचायत में उपाध्यक्ष प्रत्याशी के नाम की घोषणा अंतिम समय में हुई। इस दौरान निर्धारित समय के बाद नामांकन जमा होने की स्थिति में उनका नामांकन अमान्य हो गया जबकि कांग्रेस प्रत्याशी समय पर नामांकन ही जमा नहीं कर पाए।

गौरतलब है कि नगर पंचायत बम्हनीडीह में बीते दिनों हुए चुनाव में अध्यक्ष समेत भाजपा के 11 पार्षद है। वहीं कांग्रेस के 3 और एक निर्दलीय पार्षद ने जीत हासिल की है। इसके बाद यहां उपाध्यक्ष चुनाव को लेकर दावेदारी और जोडतोड का खेल शुरू हो गया। भाजपा से ही उपाध्यक्ष पद के लिए एक से अधिक दावेदारों के नाम सामने आने लगे। इसको लेकर संगठन द्वारा प्रभारी भेजा गया। उनकी उपस्थिति में दो दिनों से विचार विमर्श होता रहा। इसके बाद पार्टी द्वारा वार्ड क्रमांक 12 की भाजपा पार्षद रामकली पटेल को अधिकृत उम्मीदवार घोषित किया। इधर मंगलवार 7 जुलाई को निर्धारित समय पर उपाध्यक्ष निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ हुई। इस दौरान भाजपा के ही पार्षद मोहन डडसेना ने अपना नामांकन जमा कर दिया, जबकि भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी रामकली पटेल और भाजपा के ही एक और पार्षद उपाध्यक्ष पद के लिए नामांकन जमा करने पहुंची। बताया जाता है कि निर्धारित अवधि के बाद नामांकन जमा करने को लेकर चुनाव अधिकारी ने दोनों का नामांकन अमान्य कर दिया जबकि इस बीच कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी का नामांकन जमा ही नहीं हो पाया। ऐसी स्थिति में विधिवत प्रक्रिया का पालन करते हुए चुनाव अधिकारी ने मोहन डडसेना के निर्विरोध नगर पंचायत उपाध्यक्ष बनने की घोषणा की। बहरहाल भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी के समय पर नामांकन जमा नहीं होने और भाजपा के ही बागी प्रत्याशी के निर्विरोध उपाध्यक्ष बनने को लेकर अब कई तरह की चर्चाएं होने लगी है।



उपाध्यक्ष को जीत की बधाई देते समर्थक।

### संगठन की रणनीति फेल

उपाध्यक्ष चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने वरिष्ठ नेता अनुराग सिंह देव को प्रभारी बनाकर भेजा था। बताया जाता है कि उनकी मौजूदगी में दावेदारों और पार्षदों से चर्चा हुई। सहमति बनाने मैराथन बैठक भी ली, लेकिन पहले दिन सहमति नहीं बन सकी। ऐसे में दो दावेदारों का नाम ऊपर भेजने और वहीं से अधिकृत नाम की घोषणा होने की बात कही गई। इधर 7 जुलाई को चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ होने से पहले प्रभारी की मौजूदगी में भाजपा पार्षदों की फिर से बैठक हुई। इसके बाद रामकली पटेल का नाम घोषित किया गया, लेकिन जब वे नामांकन जमा करने पहुंची तो विलंब हो चुका था। खास बात यह है कि इसके पहले ही भाजपा के ही बागी प्रत्याशी मोहन डडसेना ने अपना नामांकन जमा कर दिया था। ऐसे में वे ही निर्विरोध उपाध्यक्ष बने।

### उपाध्यक्ष निर्विरोध

उपाध्यक्ष पद के लिए एक आवेदन समय पर मिला, दो आवेदन विलंब से मिले। समय पर मिलने वाले आवेदन के प्रत्याशी को निर्विरोध उपाध्यक्ष घोषित किया गया है।

-पवन कोसमा,
एसडीएम
चांपा

# लगातार हो रही बरसात से उफान पर आए नदी और नाले

## तटीय इलाकों में बढ़ने लगी चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण महानदी का जलस्तर बढ़ता जा रहा है। इसके साथ ही क्षेत्र के नाले भी उफान पर हैं, जिससे निचले इलाकों में रहने वाले लोगों की चिंता बढ़ गई है। नालों के ऊपर से पानी चलने के कारण आवागमन अवरूद्ध हो गया है।

पिछले कई दिनों से हो रही झमाझम बारिश ने नदियों-नालों को उफान पर ला दिया है। शिवरीनारायण में महानदी का जल स्तर लगातार बढता जा रहा है। वहीं क्षेत्र के नालों पर पानी चढ़ गया है। शिवरीनारायण से सलखन मार्ग में स्थित रिंगनी कुकदा नाला पूरी तरह डूब गया है। कुकदा नाले के बढ़ते जलस्तर ने आसपास के ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। नाले के ऊपर पानी चलने के कारण आवागमन अवरूद्ध हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि जिस पुलिया पर अभी बमुश्किल पाँच दिन पहले ही डामर बिछाई गई थी, वह उखड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन और ठेकेदार की यह लापरवाही किसी बड़ी अनहोनी को न्योता दे रही है। बारिश के कारण सड़कों और गलियों में जलभराव ने स्थिति को और भी बदतर बना दिया है, जिससे आवागमन पूरी तरह से ठप पड़ गया है। ऐसे में लोग जान जोखिम में डालकर आज भी पुरानी, जर्जर पुलिया से गुजरने को विवश हैं।



रिगनी–कुकदा पुल के ऊपर से बह रहा पानी।

### कुकदा-रिंगनी कंजी नाला का एसडीएम ने किया निरीक्षण, आवागमन तत्काल बंद करने के दिए निर्देश

कुकदा-रिंगनी स्थित कंजी नाला उफान पर आने से लोगों की सुरक्षा के मद्देनजर एसडीएम भावना साहू ने मंगलवार को मौके पर पहुंचकर निर्माणाधीन कुकदा-रिंगनी पुल एवं आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण किया। उनके साथ तहसीलदार महेंद्र लहरे सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान एसडीएम भावना साहू ने पुल के दोनों ओर हो रहे आवागमन को तत्काल प्रभाव से बंद करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान लोगों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और जलस्तर सामान्य होने तक किसी भी प्रकार का आवागमन नहीं होने दिया जाएगा। इस दौरान तहसीलदार महेंद्र लहरे ने कुकदा मुक्तिधाम तक पहुंचने के लिए बनाए गए रैंप का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को रैंप के ढाल को निर्धारित लेवल के अनुसार सुधारने के निर्देश दिए, ताकि भविष्य में लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान कुकदा, रिंगनी एवं बोरदा ग्राम पंचायतों के सरपंचों तथा ग्रामीणों ने एसडीएम के समक्ष कई महत्वपूर्ण समस्याएं रखीं। ग्रामीणों ने बताया कि कुकदा-रिंगनी पुल की ऊंचाई काफी अधिक है। ऐसे में केवल पुल पर बनी सुरक्षा दीवार पर्याप्त नहीं है। दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए पुल के दोनों ओर लगभग 100-100 मीटर तक अतिरिक्त सुरक्षा दीवार का निर्माण कराया जाना आवश्यक है, जिससे बरसात के दौरान सुरक्षित रह सकें।

# चिटफंड कंपनी के संचालक को 10 साल का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

चिटफंड कंपनी विनायक होम्स रियल स्टेट कंपनी के संचालक को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। आरोपी द्वारा रकम दुगुना करने का लालच देकर ठगी की गई थी। मामले में विशेष न्यायाधीश जयदीप गर्ग ने फैसला सुनाया है।

- विशेष न्यायाधीश जयदीप गर्ग ने सुनाया फैसला

अभियोजन पक्ष से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2013 में रामकिशुन यादव को चिटफंड कंपनी विनायक होम्स रियल स्टेट कंपनी मे पैसा जमा करने पर विशेष आफर योजना के अंतर्गत साढ़े छः साल में पैसा दो गुना होने का लालच दिया गया। कंपनी संचालक के झांसे में आकर रामकिशुन ने वर्ष 2013 में 3 लाख और वर्ष 2015 में 3 लाख रुपए को साढ़े छः साल के लिए फिक्स जमा किया। कंपनी के द्वारा उक्त आशय का वचन पत्र दिया गया। वचन पत्र के अनुसार साढ़े छः साल पूर्ण होने पर रामकिशुन जब कंपनी के आफिस गया तो आफिस बंद था। उसे पता चला कि कंपनी फरार हो गई है। रामकिशुन ने की थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। चिटफंड कंपनी विनायक होम्स रियल स्टेट कंपनी के संचालक जितेंद्र बिषे, योगेन्द्र बिषे, एवं फूलचंद बिषे के विरूद्ध थाना चांपा में धारा 420/34 भादवि , ईनामी चिट एवं धन परिचालन स्कीम की धारा 3,4 एवं 5 तथा छ.ग. के निक्षेपकों के हितों का संरक्षण अधिनियम की धारा 6 व 10 के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई। विवेचना पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। अभियोजन की ओर से कुल 10 गवाहों का कथन कराया गया। अभियोजन द्वारा तर्क प्रस्तुत किया गया कि आरोपी द्वारा पैसा हड़पने की नियत से अनेक निवेशकों से कंपनी में राशि जमा करवाकर परिपक्वता तिथि पर अथवा उसके उपरांत उन्हें देय राशि वापस अदा न कर छल कर गंभीर अपराध कारित किया है। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश जयदीप गर्ग ने की।न्यायाधीश ने साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त फूलचंद बिषे पिता स्व मोतीलाल बिषे उम्र 72 वर्ष निवासी अंबेडकर नगर इंदौर को दोषी पाया। आरोपी को भादवि की धारा 420 के अपराध के लिए 7 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1 लाख रूपए का अर्थदण्ड, ईनामी चिट एवं धन परिचालन स्कीम अधिनियम की धारा 4 के अपराध के लिए 3 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 5 हजार रूपए के अर्थदण्ड, ईनामी चिट एवं धन परिचालन स्कीम अधिनियम की धारा 5 के अपराध के लिए 2 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 3 हजार रूपए के अर्थदण्ड तथा छग के निक्षेपकों के हितों का संरक्षण की धारा 10 के अपराध के लिए 10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1 लाख रूपए के अर्थदण्ड से दंडित किया गया। वहीं अर्थदण्ड की राशि अदा नहीं करने पर कमशः 7 माह, 3 माह, 2 माह , 10 माह के सश्रम कारावास की सजा न्यायालय द्वारा सुनाई गई है। अभियोजन की ओर से मामले की पैरवी लोक अभियोजक संदीप बनाफर ने की।

### अवैध महुआ शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**सक्ती।** अवैध शराब के निर्माण, परिवहन और बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत ग्राम बस्ती बाराद्वार में दबिश देकर भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब जब्त की है। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, आबकारी टीम ने ग्राम बस्ती बाराद्वार के वार्ड नंबर 3 में घेराबंदी कर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान वहां के निवासी दीपक लहरे पिता परदेशी के कब्जे से दो पीले रंग के प्लास्टिक जरिकेन बरामद किए गए। जांच करने पर दोनों जरिकेन में 5-5 लीटर कुल 10 लीटर अवैध हाथभट्टी महुआ शराब पाई गई। जिसे मौके पर जब्त कर लिया गया। आरोपी दीपक लहरे के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत गैर-जमानती अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया गया है। कलेक्टर एवं जिला आबकारी अधिकारी के निर्देशानुसार हुई इस कार्रवाई का नेतृत्व सहायक जिला आबकारी अधिकारी आशीष उप्पल ने किया।

## अब तक कुल 193 पारिवारिक मामलों का निराकरण

# तीन माह में 61 बिखरे परिवार फिर से हुए एक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

परिवार परामर्श केन्द्र के माध्यम से तीन महीने के भीतर 61 बिखरे परिवार फिर से एक हुए है। परामर्श केन्द्र के द्वारा अब तक कुल 193 पारिवारिक विवादों का निपटारा किया गया है।

ज्ञात हो कि जिले में महिलाओं की सुरक्षा और उन्हें त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से अप्रैल में शुरू किए गए महिला थाना जांजगीर का सकारात्मक प्रभाव अब स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। जनवरी 2026 से अब तक केंद्र में 268 पारिवारिक विवाद संबंधी शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 193 मामलों का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया।इनमें 61 मामलों में पति-पत्नी के बीच आपसी सहमति और समझौता कराकर बिखरते परिवारों को फिर से एक किया गया, जिससे कई बच्चों और परिवारों का भविष्य सुरक्षित हुआ। परामर्श केंद्र की इस पहल को सामाजिक दृष्टि से भी एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। ममहिला थाना की स्थापना के बाद अब तक महिलाओं से संबंधित 14 अपराध दर्ज किए गए हैं। इन सभी मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए 19 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की गई है। जिले में महिला थाना शुरू होने के बाद अन्य थाना एवं चौकियों में महिला संबंधी शिकायतों का दबाव कम हुआ है, क्योंकि अब अधिकांश पीड़ित महिलाएं सीधे महिला थाना पहुंच रही हैं। थानों में महिला संबंधी अपराधों का रजिस्ट्रेशन कम हुआ विगत वर्ष 1 अप्रैल 2025 से 30 जून 2025 के बीच जिले के विभिन्न थाना एवं चौकियों में महिलाओं से संबंधित 39 प्रकरण दर्ज हुए थे इसी प्रकार इस वर्ष 1 अप्रैल से 30 जून की स्थिति में कुल 31 अपराध दर्ज हुए जो यह प्रदर्शित करता है कि महिलाओं द्वारा महिला संबंधी अपराधों का रजिस्ट्रेशन महिला थाने कराया जा रहा है।



विवादों का निपटारा करने पहुंची परिवार परामर्श केन्द्र की पदाधिकारी।




### दोनों ओर दो-दो किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतार, सुबह 11 बजे हाइड्रा से बहाल हुआ आवागमन

# मल्दा के पास राखड़ से भरे दो कैप्सूल वाहन फंसे, आठ घंटे ठप रहा राज्य मार्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिर्रा

डभरा प्लांट से राखड़ लेकर बिर्रा की ओर जा रहे कैप्सूल वाहन ग्राम पंचायत मल्दा में ओवरटेक के चक्कर में सड़क किनारे बने नाली में फंस गया। वहीं कैप्सूल वाहन के बचाने के चक्कर में दूसरा वाहन भी फंस गया, जिसके कारण बिर्रा से चंद्रपुर को जोड़ने वाला राज्य मार्ग में आवागमन पूरी तरह से बंद हो गया। इसके चलते मार्ग में आने जाने वाले वाहनों की दोनों तरफ दो-दो किलोमीटर तक लंबी लाइन लग गई। तकरीबन सुबह 11 बजे हाइड्रा मशीन की मदद से कैप्सूल वाहन को राज्य मार्ग से हटाया गया। उसके बाद आवागमन सुचारू रूप से बहाल हो पाया।

डभरा स्थित प्लांट से राखड़ लेकर बिर्रा की ओर जा रहा एक कैप्सूल वाहन मंगलवार देर रात करीब तीन बजे ग्राम पंचायत मल्दा के पास ओवरटेक करने के प्रयास में सड़क किनारे बनी नाली में धंस गया। वाहन के फंसते ही राज्य मार्ग पर यातायात प्रभावित हो गया। कुछ देर बाद उसे निकालने के लिए पहुंचे दूसरे कैप्सूल वाहन ने भी खींचने का प्रयास किया, लेकिन वह भी सड़क पर इस तरह फंस गया कि बिर्रा से चंद्रपुर को जोड़ने वाला पूरा राज्य मार्ग पूरी तरह बंद हो गया। देखते ही देखते दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सड़क बंद होने से करीब दो-दो किलोमीटर तक ट्रक, बस, कार, दोपहिया और अन्य वाहन फंस गए। यात्रियों और वाहन चालकों को घंटों तक सड़क पर ही इंतजार करना पड़ा। कई लोगों को जरूरी कार्यों के लिए समय पर गंतव्य तक नहीं पहुंच पाने से भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।



राज्य मार्ग पर फंसे कैप्सूल वाहन।



वाहनों की लगी कतार।

घटना की जानकारी मिलने के बाद भी लंबे समय तक मार्ग को खुलवाने के लिए कोई प्रभावी व्यवस्था नजर नहीं आई। आखिरकार सुबह करीब 11 बजे हाइड्रा मशीन की मदद से दोनों कैप्सूल वाहनों को हटाया गया। इसके बाद लगभग आठ घंटे बाद राज्य मार्ग पर यातायात सामान्य हो सका। घटना के दौरान मौके पर यातायात विभाग और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारी दिखाई नहीं दिए। सड़क जाम की स्थिति में किसी प्रकार का यातायात प्रबंधन नहीं होने से लोगों में नाराजगी रही। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिर्रा-चंद्रपुर राज्य मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही लगातार बढ़ रही है, लेकिन सड़क किनारे सुरक्षा इंतजाम और यातायात नियंत्रण के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। ऐसे में ओवरटेक और लापरवाही के कारण आए दिन दुर्घटना और जाम की स्थिति बन रही है।

## अव्यवस्था के चलते रोज 4-5 बार लग रहा ट्रैफिक जाम

**अकलतरा।** नगर में लगातार बढ़ती अव्यवस्था अब आम नागरिकों के लिए गंभीर परेशानी का कारण बन गई है। पिछले कई दिनों से कुंवर भुवन भास्कर सिंह शासकीय स्कूल से शास्त्री चौक, सब्जी मार्केट और रेलवे ओवरब्रिज तक का मुख्य मार्ग दिन में चार से पांच बार ट्रैफिक जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। हालात यह हैं कि लोगों का कुछ मिनट का सफर आधे घंटे तक की मशक्कत में बदल रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभागों की चुप्पी इस समस्या को और विकराल बना रही है। नगर के प्रमुख मार्गों पर बेतरतीब ढंग से खड़े दोपहिया एवं चारपहिया वाहन, सड़क तक कब्जा कर सामान सजाने वाले दुकानदार तथा आरके परिसर के पास बीच सड़क में खड़े ऑटो और मालवाहक वाहन यातायात व्यवस्था को पूरी तरह चरमरा रहे हैं। इसके बावजूद पुलिस और प्रशासन द्वारा न तो प्रभावी कार्रवाई की जा रही है और न ही अतिक्रमण हटाने का कोई ठोस अभियान दिखाई दे रहा है। ट्रैफिक जाम का सबसे अधिक खामियाजा स्कूली विद्यार्थियों, मरीजों, कर्मचारियों और दैनिक यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है। विद्यार्थी समय पर स्कूल नहीं पहुंच पा रहे हैं, मरीजों को अस्पताल पहुंचने में देरी हो रही है तथा कर्मचारी अपने कार्यालयों में विलंब से पहुंच रहे हैं। कई बार एंबुलेंस और अन्य आवश्यक सेवाओं के वाहन भी जाम में फंसने का खतरा बना रहता है।नगरवासी पहले भीषण गर्मी में पेयजल संकट और घंटों बिजली गुल रहने की समस्या से परेशान रहे। बारिश शुरू होते ही अधिकांश वार्डों में जाम नालियों और सड़कों पर फैले गंदे पानी ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दीं। अब ट्रैफिक जाम की नई समस्या ने नागरिकों का धैर्य जवाब देना शुरू कर दिया है। ऐसा प्रतीत होता है कि नगर की मूलभूत समस्याओं के समाधान के प्रति जिम्मेदार जनप्रतिनिधि, पुलिस और प्रशासन पूरी तरह उदासीन बने हुए हैं। नगरवासियों का कहना है कि यदि तत्काल अतिक्रमण हटाने, नो-पार्किंग नियमों का कड़ाई से पालन कराने, अवैध पार्किंग पर चालानी कार्रवाई करने तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो लोगों का बढ़ता आक्रोश कभी भी बड़े जनआंदोलन का रूप ले सकता है।



# लायंस क्लब चांपा की नवीन कार्यकारिणी ने ली शपथ

### लायंस भवन में हुआ कार्यक्रम, पूर्व प्रांतपाल ने दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

अंतर्राष्ट्रीय समाजसेवी संस्था लायंस क्लब इंटरनेशनल की स्थानीय ईकाई लायंस क्लब चांपा की नवीन सत्र 2026-27 की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह रविवार 5 जुलाई को सायं 7 बजे से लायंस भवन में मुख्य अतिथि एवं शपथ ग्रहण अधिकारी पीएमजेएफ लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल पूर्व प्रांतपाल, विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रांतपाल लायन डॉ. व्ही. के. अग्रवाल तथा रीजन चेयरपर्सन लायन राजेश अग्रवाल की मौजूदगी में संपन्न हुआ।

समारोह में क्लब के नवीन अध्यक्ष एमजेएफ लायन संतोष कुमार सोनी एवं सचिव लायन वासुदेवचंद देवांगन भी मंचस्थ थे। समारोह का शुभारंभ लायंस क्लब के संस्थापक मेल्विन जोन्स के छायाचित्र के समक्ष अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात मंचस्थ अतिथियों का स्वागत उपस्थित लायंस सदस्यों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर तथा पुष्पहार पहनाकर किया। इसके बाद क्लब के अध्यक्ष एमजेएफ लायन संतोष कुमार सोनी स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। इसके पश्चात क्लब सचिव लायन राजेश अग्रवाल ने वर्ष भर की सेवागतिविधियों की जानकारी प्रस्तुत की। इसके बाद मुख्य अतिथि तथा शपथ ग्रहण अधिकारी लायन राजकुमार अग्रवाल ने लायंस क्लब चांपा के सभी नवीन पदाधिकारियों को उनके कर्तव्यों से अवगत कराते हुए पद की शपथ दिलाई। लायंस क्लब अध्यक्ष लायन संतोष कुमार सोनी ने अपने संबोधन में स्थायी सेवा गतिविधि पर जोर देते हुए वर्षभर के दौरान लोगों की आवश्यकता को ध्यान में रखकर सेवा कार्य संपादित करने का संकल्प लिया है। उन्होंने लायंस क्लब चांप द्वारा संचालित लायंस इंग्लिश हायर सेकेण्ड्री स्कूल को सीबीएसई द्वारा संबद्धता प्रदान करने की जानकारी देते हुए स्कूल में शिक्षा के स्तर को और भी उंचा उठाने पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रांतपाल लायन डॉ. व्ही. के. अग्रवाल ने समारोह को संबोधित करते हुए क्लब द्वारा गत वर्ष किये गये सेवा कार्यों की सराहना करते हुए क्लब के नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की। मुख्य अतिथि लायन राजकुमार अग्रवाल का पारंपरिक जीवन परिचय लायन विनोद कुमार अग्रवाल ने प्रस्तुत किया। सभी मंचस्थ अतिथियों को स्मृति चिन्ह स्वरूप कौसेय शाल तथा श्रीफल भेंट किया गया। अंत में राष्ट्रगान के पश्चात क्लब अध्यक्ष लायन संतोष कुमार सोनी ने सभा समाप्ति की घोषणा की। समारोह का संचालन लायन बजरंग लाल अग्रवाल ने तथा अंत में आभार प्रदर्शन लायन डॉ. योगेन्द्र कुमार शर्मा ने किया। समारोह में प्रमुख रूप से लायंस स्कूल के चेयरमेन लायन रामप्रपन्न देवांगन, लायन डॉ. जी.पी. दुबे, लायन डॉ. के.पी. राठौर, एमजेएफ लायन डॉ. संतोष अग्रवाल, एमजेएफ लायन नंदकुमार देवांगन, लायन शैलेश बाजोरिया, लायन नारायण सोनी, लायन बैजनाथ देवांगन, लायन खूबचंद देवांगन, लायन रमेश देवांगन, लायन नेहरू देवांगन, लायन मोहन लाल गुलाबानी, लायन उत्तमप्रकाश देवांगन, लायन सीए सुरेश अग्रवाल, लायन राकेश साहू, लायन एम. के. पारीक, लायन संगीता अग्रवाल, लायन डॉ. व्ही. एन. बिरथरे, लायन डॉ. शरद बिरथरे, लीनेस कल्याणी केशरवानी, लायंस क्लब गुरूकुल कोरबा के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष पार्वती दास, जोन चेयरपर्सन मनोज गुप्ता, पूर्व पार्षद संतोष सोनी, मधुसूदन सोनी, पूर्णेश सोनी, सिद्धार्थ सोनी, कीर्ति सोनी, पूरन लाल बरेठ, सुरेन्द्र कुमार, मोहन यादव, राकेश शर्मा, रोहित कश्यप आदि उपस्थित थे। उपरोक्त जानकारी लायंस क्लब के सचिव लायन वासुदेवचंद देवांगन ने दी।




समारोह में मंचस्थ अतिथिगण।

## एजुकेशन प्लस

### बालवाटिका पब्लिक स्कूल, एजुकेशन हब कोचिंग इंस्टिट्यूट एवं गुरुकुल लाइब्रेरी में प्रवेश प्रारंभ

**जांजगीर-चांपा।** गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से बालवाटिका पब्लिक स्कूल, डी.डी. प्लाजा, जांजगीर, एजुकेशन हब कोचिंग इंस्टिट्यूट तथा गुरुकुल लाइब्रेरी में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को विशेष शुल्क छूट के साथ ड्रेस, स्कूल बैग, पुस्तकें एवं आईडी कार्ड निःशुल्क उपलब्ध कराए जा रहे हैं। साथ ही मेधावी एवं आर्थिक रूप से जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए विशेष रियायतों की व्यवस्था भी की गई है।

संस्था के डायरेक्टर धनंजय चतुर्वेदी शिक्षा के क्षेत्र में लगभग 15 वर्षों का समृद्ध अनुभव रखते हैं। उन्होंने बी.टेक., एम.टेक., एम.एससी. एवं बी.एड. की शिक्षा प्राप्त की है तथा वर्तमान में पीएच.डी. की पढ़ाई कर रहे हैं। उनका मानना है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक तकनीक, नैतिक संस्कार एवं सही मार्गदर्शन ही विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की सबसे मजबूत नींव है। उनके अनुभव एवं शैक्षणिक दृष्टिकोण का लाभ संस्था में अध्ययनरत विद्यार्थियों को प्रत्यक्ष रूप से मिलता है। संस्था में अनुभवी, प्रशिक्षित एवं अच्छी योग्यता वाला शिक्षक-शिक्षिकाओं की टीम कार्यरत है, जो प्रत्येक विद्यार्थी की क्षमता के अनुसार व्यक्तिगत मार्गदर्शन प्रदान करती है। आधुनिक शिक्षण पद्धति, नियमित मूल्यांकन, अनुशासित वातावरण तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। बालवाटिका पब्लिक स्कूल में स्मार्ट क्लास, गतिविधि आधारित शिक्षण एवं संस्कारयुक्त वातावरण उपलब्ध है। एजुकेशन हब कोचिंग इंस्टिट्यूट में कक्षा 1 से 12वीं तथा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की उत्कृष्ट तैयारी कराई जाती है। वहीं गुरुकुल लाइब्रेरी विद्यार्थियों को शांत, आधुनिक एवं अध्ययन के अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराती है। संस्था प्रबंधन ने अभिभावकों से अपील की है कि सीमित सीटों का लाभ उठाने हेतु शीघ्र प्रवेश सुनिश्चित करें और अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखें।




### जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं, मिले 78 आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में साप्ताहिक जनदर्शन आयोजन हुआ। इस दौरान कलेक्टर ने लोगों की समस्याएं सुनी। जनदर्शन में 78 आवेदन मिले। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में मंगलवार 7 जुलाई को आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की मांग एवं समस्याओं को सुना। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियो को प्राप्त सभी आवेदनों पर आवश्यक कार्रवाई एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में कुल 78 आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में तहसील चांपा के ग्राम कोसमंदा निवासी भागवत प्रसाद श्रीवास द्वारा नया ऋण पुस्तिका दिलाने, तहसील नवागढ़ अंतर्गत ग्राम अमोरा निवासी टोडर प्रसाद द्वारा राजस्व अभिलेख दुरुस्त करवाने, ग्राम हरदी निवासी अंकुर कुमार कश्यप द्वारा प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना के अंतर्गत नवीन पंजीयन करवाने, तहसील मुख्यालय जांजगीर के भाटापारा निवासी किरण लाल सूर्यवंशी द्वारा सीमांकन करवाने, नैला के दर्रीपारा वार्ड 2 निवासी रिंकी प्रधान द्वारा आय निवास जाति प्रमाण पत्र बनवाने, तहसील पामगढ़ अंतर्गत ग्राम मेहंदी निवासी श्रीमती सुमन चौहान द्वारा पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने, तहसील अकलतरा निवासी हीरेंद्र कुमार कुर्रे सीमांकन करवाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया।

### वेदांता पावर की सखी परियोजना अंतर्गत महिलाएं सीख रहीं ब्यूटी वेलनेस के गुर




प्रशिक्षण प्राप्त करती महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

वेदांता पावर लिमिटेड के सक्ती थर्मल प्लांट ने अपने सामुदायिक विकास कार्यक्रम की 'सखी परियोजना' के अंतर्गत महिला सशक्तिरण के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए हैं। इसके अंतर्गत ग्राम पंचायत ओड़ेकेरा की 30 महिलाओं को ब्यूटी वेलनेस का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

■ ओड़ेकेरा ग्राम पंचायत की 30 महिलाएं प्राप्त कर रही प्रशिक्षण

प्रशिक्षण अवधि तीन महीने की है। प्रशिक्षण के बाद महिलाएं स्वयं का रोजगार स्थापित कर सकेंगी। इसके साथ ही महिलाएं विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ लेने में सक्षम होंगी। परियोजना का संचालन स्वयंसेवी संगठन 'स्त्रोत' के सहयोग से किया जा रहा है। ग्राम पंचायत ओड़ेकेरा की प्रशिक्षु चंद्रकुमारी राठिया, पद्मा राठिया एवं विजया चौहान ने बताया कि ब्यूटी वेलनेस प्रशिक्षण कार्यक्रम के जरिए महिलाओं को हेयर स्टायलिंग, मेकअप, हेयर स्पा, ब्लिचिंग, थ्रेडिंग, वैक्सिंग आदि के गुर सिखाए जा रहे हैं। इससे अपने पैरों पर खड़े होने की इच्छुक महिलाओं में आत्मविश्वास का संचार हुआ है। प्रशिक्षण के बाद महिलाएं अपने परिवार को मजबूत बनाने में योगदान कर सकेंगी। ओड़ेकेरा की पूर्व सरपंच नान कुंवर राठिया ने बताया कि प्रशिक्षण के लिए गांव की महिलाओं में खूब उत्साह है। कौशल विकास के कार्यक्रमों से महिलाएं गांव में ही आजीविका प्राप्त करने में सक्षम होंगी। वेदांता पावर की 'सखी परियोजना' के अंतर्गत ब्यूटी वेलनेस कार्यक्रम के साथ ही तीन ग्राम पंचायतों सिंघीतराई, निमोही और ओड़ेकेरा में सिलाई प्रशिक्षण केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। लगभग 120 महिलाओं को प्रशिक्षण का लाभ मिल रहा है।

**TOP IN JANJGIR**

**GURUKRIPA COLLEGE** ADMISSION GUIDENS 2026-27 SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

APPROVED BY NSDC CENTER NO. 69240
पैरामेडिकल एवं नर्सिंग कोर्स
10 वी एवं 12 वी के छात्रो के लिए सुनहरा अवसर एक वर्षीय कोर्स
प्रवेश प्रारंभ सीमित सीट उपलब्ध
आकाश एजुकेशनल एकेडमी
केरा रोड, रजनीश बुक डिपो के सामने तिवारी काम्प्लेक्स जांजगीर (छ.ग.) 495668 मो . 9399743304
कोर्स
- MPW-पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टी पर्पस हेल्थ वर्कर
- COT-सर्टिफिकेट इन OT टेक्नीशियन
- DMLT-डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन
- EMT-पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नी.
- एक्स-रे टेक्नीशियन
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फिजिशियन एसिसटेंश
अस्पतालो या पैथोलैब में कार्यरत विद्यार्थियो के पत्राचार एवं साप्ताहिक सुविधा उपलब्ध

ADMISSIONS OPEN
Balvatika PLAY SCHOOL
PLAYGROUP TO CLASS 8TH
PLAYGROUP | NURSERY | JUNIOR KG | SENIOR KG | CLASS 1st to CLASS 8th
9098888246 | 9098888644
Founder & Director DHANANJAY CHATURVEDI B.Tech, M.Tech, M.Sc, B.Ed, PhD Pursuing 15 Years Experience

EDUCATION HUB
एक सफल भविष्य की शुरुआत
ADMISSION OPEN ENROLL NOW
CG & CBSE BOARD
Hindi & English Medium
CLASSES 1st to 8th ALL SUBJECT
SPECIAL CLASS 9th to 12th
PHYSICS | CHEMISTRY | MATHSBIOLOGY | COMMERCE
9098888246 | 9098888644
Founder & Director DHANANJAY CHATURVEDI B.Tech, M.Tech, M.Sc, B.Ed, PhD Pursuing 15 Years Experience

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

**प्रारूप (एक)**
**समक्ष श्रीमान नोटरी महोदय पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा छ.ग.**
**नाबालिग पुत्री के नाम परिवर्तन के मामले में शपथ पत्र**

मै रमेश कश्यप पिता हीरालाल कश्यप शहर पामगढ़ तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा छ.ग. राज्य ने अपने नाबालिग सुपुत्री का नाम सुधा कुमारी कश्यप (पुराना नाम) से बदल कर सुधा कश्यप (नया नाम रख लिया है।

**पिता के हस्ताक्षर**
**रमेश कश्यप**

**प्रारूप (तीन)**
**<None>शपथ पत्र का प्रारूप**
**50/-रू. का नानजुडिशियल स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र**

मैं सतीष सिंह (Satish Singh) उम्र 40 वर्ष पिता भूषण सिंह जाति क्षत्रिय निवासी कोटाडबरी चांपा तहसील चांपा जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) का निवासी हूं, जो कि निम्नांकित कथन शपथ पूर्वक करता हूं: एतदद्वारा मै पूर्णतः पुष्टि करता हूं तथा निम्नानुसार घोषित करता हूं।
01. मै कोटाडबरी चांपा तहसील चांपा जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) का स्थायी निवासी हूं। 02. मैं अपनी पुत्री अंजली ठाकुर (Anjali Thakur) (पुराना नाम) से बदलकर अंजली सिंह (Anjali Singh) (नया नाम) दर्ज करवाना चाहता हूं। 03. मैं अपनी पुत्री का नाम बदलकर यदि कोई गैर कानूनी काम करता हूं तो उसके लिये मै पूर्णतः स्वयं जिम्मेदार रहूंगा। 04. यह कि मेरे नाबालिग पुत्री के नाम बदलने में मुझे एवं मेरी पत्नि को कोई आपत्ति नहीं है। 05 मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होश हवाशो मे रहकर हस्ताक्षर कर रही हूं तथा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा है।

**शपथकर्ता**
**सतीश सिंह**

**छत्तीसगढ़ राजपत्र,**
**दिनांक 15 जनवरी 2026**
**प्ररूप-(तीन)**
**शपथपत्र का प्ररूप**
**(50 रू. का नॉन-ज्युडिशियल स्टाम्प पेपर पर)**

मैं शशिकांत रत्रे (SHASHIKANT RATRE) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र/ सुपुत्री/ पत्नी पुरुषोत्तम रात्रे निवासी ग्राम वार्ड नं.-04, कनई पोस्ट ऑफिस सुकली, जिला-जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.) एतद् द्वारा मैं पूर्णतः पुष्टि करता हूँ तथा निम्नानुसार घोषित करता हूँ
(1) मैं वार्ड नं.-04, कनई पोस्ट ऑफिस सुकली, जिला-जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.) का स्थायी निवासी हूँ। (2) मेरा पुराना नाम शशिकांत रत्रे (SHASHIKANT RATRE) है और मैं अपना नाम बदलकर शशिकांत (SHASHIKANT) (नया नाम) शशिकांत (SHASHIKANT) करवाना चाहता हूँ। (3) मेरे पुराने नाम से किसी भी न्यायालय में कोई भी प्रकरण लंबित नहीं है और न ही किसी बैंक में ऋण की राशि शेष है। (4) मैं नांम बदलकर, यदि कोई, गैर-कानूनी काम करता हूँ, तो उसके लिए मैं पूर्णतः स्वयं जिम्मेदार रहूँगा। (5) यह शपथ पत्र अपने पूरे होशों हवाश में रहकर हस्ताक्षर कर रहा हूं तथा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ।

**शपथकर्ता**
**शशिकांत**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी पामगढ़, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
**// सूचना-पत्र //**
क्रमांक / 1257 /रीडर-1/अ.वि.अ./2026
पामगढ़, दिनाक 30/06/2026

1/ प्रेमसिंह आ. स्व. रतिराम जाति गोंड़
2/ डिलेश्वरी आ. स्व. रतिराम जाति गोड
3/ द्रौपती बेवा स्व. रतिराम जाति गोंड साकिन-पेण्डी, पो. आ.-बारगांव तहसील-पामगढ़, जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)।
4/ गोदावरी पिता अमरसिंह पोर्ते साकिन-डोड़की, पो. आ.-डोड़की तहसील-मस्तुरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)।

विषय -अपील प्रकरण के संबंध में सूचना।

एतद् द्वारा दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से आप लोगों को सूचना दी जाती है कि अपीलार्थीगण नुनेश्वरी पिता हीरालाल, दीपक राम पिता गुड़ीराम जाति गोंड़ साकिन पेण्ड्री तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) के द्वारा न्यायालय तहसीलदार पामगढ़ के रा.प्र.क्र. 202206063100093/1-6/2021-22 पक्षकार नुनेश्वरी वगैरह विरुद्ध धरमसिंह वगैरह साकिन पेण्ड्री में पारित आदेश दिनांक 27/02/2024 से क्षुब्ध होकर इस न्यायालय में अपील पेश किया है। जिसकी सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 10/07/2026 को नियत है।

अतः उक्त तिथि में स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होवें। नियत समयावधि में उपस्थिति नहीं होने पर आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी।

**अनुविभागीय अधिकारी(रा.)**
**पामगढ़**



# दिलजीत को झटका, बैन हुई फिल्म सतलुज...

**मुंबई**। दिलजीत दोसांझ की फिल्म 'सतलुज' इन दिनों विवादों में बनी हुई है. कई बदलावों और कानूनी लड़ाई के बाद इस फिल्म को 3 जुलाई को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज किया गया था। हालांकि, रिलीज के महज 48 घंटे के भीतर ही इसे प्लेटफॉर्म से हटा दिया गया और भारत में इस पर रोक लगा दी गई। दरअसल, 'सतलुज' एक सच्ची घटना पर आधारित फिल्म है। यह पंजाब के जाने-माने मानवाधिकार कार्यकर्ता जसवंत सिंह खालड़ा के जीवन और उनके संघर्ष पर आधारित हैं। उन्होंने 1984 से 1994 के बीच पंजाब में लापता हुए हजारों लोगों और कथित अवैध अंतिम संस्कारों की जांच की थी।

## लाइफStyle

# नीति
## बॉयफ्रेंड ने सिगरेट से जलाया था

एजेंसी ▶▶ मुंबई

ओटीटी रियलिटी शो अलायंस में अभिनेत्री नीति टेलर ने अपनी निजी जिंदगी से जुड़ा चौंकाने वाला खुलासा किया है। एक्ट्रेस ने बताया कि उनके पूर्व बॉयफ्रेंड ने कथित तौर पर उन्हें सिगरेट से जलाया था और उनके साथ शारीरिक हिंसा भी की थी।

नीति ने शो में मौजूद कंटेस्टेंट्स को अपने शरीर पर मौजूद निशान भी दिखाए। हाल ही में स्ट्रीम हुए एपिसोड में नीति टेलर ने सह-प्रतियोगियों रूही दोसांझ, मिनी माथुर और डेजी शाह से बातचीत के दौरान अपनी जांघों पर मौजूद निशान दिखाए। नीति ने कहा कि ये निशान उनके पूर्व बॉयफ्रेंड के कथित तौर पर सिगरेट से जलाने के कारण बने थे। जब साथी प्रतियोगियों ने पूछा कि क्या यह गलती से हुआ था, तो नीति ने जवाब दिया कि ऐसा नहीं था। उनके अनुसार, उनका पूर्व बॉयफ्रेंड बेहद हिंसक स्वभाव का था और उसने जानबूझकर उन्हें नुकसान पहुंचाया। नीति ने बताया कि यह घटना उनके पूर्व बॉयफ्रेंड के जन्मदिन के दिन हुई थी। उनके मुताबिक, उस दिन कथित तौर पर उन्हें कई जगह सिगरेट से जलाया गया और थप्पड़ भी मारा गया।उन्होंने कहा कि इसी घटना के बाद उन्होंने उस रिश्ते को हमेशा के लिए खत्म करने का फैसला लिया। बातचीत के दौरान नीति ने अपनी जांघों पर मौजूद करीब पांच निशानों की ओर इशारा करते हुए कहा कि ये कथित तौर पर सिगरेट से जलाने के कारण बने थे। उन्होंने बताया कि ये निशान आज भी उनके शरीर पर मौजूद हैं और उस दर्दनाक दौर की याद दिलाते हैं।



## हॉलीवुड मसाला

# मैं अभी भी सीख रही हूं...



**लॉस एंजेलिस**। हॉलीवुड अभिनेत्री पेनेलोप क्रूज ने पति के साथ अपने रिश्ते के अनुभव का साझा किया है। उनका कहना है कि पति जेवियर बार्डेम के साथ उनका रिश्ता सीखने का एक अनुभव रहा है। अभिनेत्री पेनेलोप क्रूज ने कहा कि शादी के 15 साल से ज्यादा समय बीतने के बाद भी वह अपने पति जेवियर बार्डम के साथ अपने रिश्ते में "अभी भी सीख रही हैं"। अभिनेत्री ने कहा, मुझे लगता है कि मैं (अपने रिश्ते में) अभी भी सीख रही हूं, आप जानते हैं? और मैं ऐसे व्यक्ति के साथ हूं जिसे मैं 33 साल से जानती हूं।



# टेलर-ट्रैविस ने किए 200 करोड़ दान

**लॉस एंजेलिस**। मशहूर पॉप गायिका टेलर स्विफ्ट और ट्रैविस केल्सी ने दुनियाभर के प्रशंसकों का दिल जीत लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, टेलर और ट्रैविस ने मिलकर अलग-अलग सामाजिक संस्थाओं को पूरे करीब 217 करोड़ रुपए का दान दिया है। ये भारी-भरकम दान उन शहरों और राज्यों की संस्थाओं को दिया गया है, जो इस जोड़ी के जीवन से बेहद करीब से जुड़े रहे हैं, जिनमें न्यूयॉर्क, रोड आइलैंड और कैनसस सिटी जैसे इलाके शामिल हैं। दान पाने वाली इन संस्थाओं में मुख्य रूप से न्यूयॉर्क के 'फूड बैंक फॉर एनवाईसी', 'सिटी हार्वेस्ट' और 'म्यूजिकल मेंटर्स' शामिल हैं। कैनसस सिटी के 'चिल्ड्रन्स मर्सी हॉस्पिटल' और रोड आइलैंड के 'कम्युनिटी फूड बैंक' के अलावा कुछ बड़े राष्ट्रीय संगठनों को भी यह दान मिला है।



# मेघना ने खोला कास्टिंग के राज

**मुंबई**। बॉलीवुड में किसी फिल्म का निर्देशन मेघना गुलजार कर रही हों, तो दर्शकों की उम्मीदें बढ़ जाती हैं। इन दिनों वह आगामी फिल्म 'दायरा' को लेकर लगातार सुर्खियों में है। फिल्म की कहानी से लेकर इसकी स्टारकास्ट तक हर पहलू चर्चा का विषय बना हुआ है। अब मेघना गुलजार ने फिल्म की कास्टिंग को लेकर बड़ा खुलासा किया है। मेघना ने बताया कि 'दायरा' में हर किरदार को पूरी सच्चाई और वास्तविकता के साथ पर्दे पर उतारने की कोशिश की गई है। यही वजह है कि छोटे से छोटे रोल के लिए भी कलाकारों का लंबा ऑडिशन लिया गया और करीब 90 थिएटर कलाकारों को देखने के बाद फाइनल स्टारकास्ट तय की गई। मेघना ने बताया, हम एक ऐसी दुनिया बनाना चाहते थे, जो पूरी तरह वास्तविक लगे।



# 'मुसाफिर कैफे' का पहला गाना रिलीज

**मुंबई**। विक्रांत मैसी की नई सीरीज 'मुसाफिर कैफे' इसी महीने रिलीज होने वाली है और इसका पहला गाना भी रिलीज हो चुका है, जो काफी रोमांटिक है। इस मानसून के मौसम में ये गाना रिलीज करना मेकर्स का सबसे अच्छा फैसला लग रहा है। नेटफ्लिक्स पर 24 जुलाई को प्रीमियर होने वाली इस सीरीज के रोमांटिक माहौल की एक इमोशनल झलक इस गाने में देखने को मिलती है। टी-सीरीज के इस गाने को गर्वित-प्रियांश ने कंपोज किया और गाया है, और हंसिका पारेख ने अपनी सुरीली आवाज दी है। यह गाना 'मुसाफिर कैफे' का पहला म्यूजिकल रिलीज है और यह शो की उस दुनिया में एक इमोशनल एंट्री की तरह है, जहां अचानक मुलाकातें, प्यारे रिश्ते और प्यार से भरी यात्राएं देखने को मिलती हैं।

## टीवी मसाला

# मिस्टर एंड मिसेस... की 'शालिनी' ने एक्शन सीन में मचाया तहलका

**मुंबई**। पॉपुलर सीरियल 'मिस्टर एंड मिसेस परशुराम' इन दिनों चर्चा में आ गया हैं। हाल ही में सीरियल में 'शालिनी' का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस शांभवी सिंह ने एक्शन सीन्स को शूट किया, जिसमें वो बेहद शानदार लग रही थीं। हालांकि सीन में गुंडों से लड़ाई करते समय उन्हें चोट लगी, जो गंभीर नहीं थे। इसी बीच उन्होंने अपने अनुभवों को लेकर खुलकर बात की। शांभवी ने कहा, 'इस सीन में मुझे गुंडों से फाइट करनी थी। शूट के दौरान हाथों पर हल्की-सी चोट लगी, लेकिन वो बहुत मामूली थी। सेट पर सेफ्टी का पूरा ध्यान रखा गया था और पूरी टीम ने मुझे सपोर्ट किया। एक कलाकार के तौर पर हमारी कोशिश रहती है कि दर्शकों को भरपूर एंटरटेनमेंट मिले। अगर कहानी की डिमांड है, तो सीन को पूरी ईमानदारी और कमिटमेंट के साथ करना जरूरी होता है। बता दें कि 'मिस्टर एंड मिसेस परशुराम' सीरियल की शुरुआत इसी साल फरवरी में हुई, जो बंगाली सीरियल 'परशुराम - आजकेर नायक' का हिंदी रीमेक है। शो की कहानी एक शादीशुदा कपल शिवप्रसाद और शालिनी पर है, जो अपनी जिंदगी खुशहाल तरीके से जीते हैं। दुनिया के सामने शिवप्रसाद साधारण और सादगी से रहने वाले इंसान हैं।



# सिचुएशनल कॉमेडी फिल्म में दिखाई देंगी



**मुंबई**। बॉलीवुड की चर्चित अभिनेत्री ऋचा चड्ढा और अभिनेता अली फजल इंडस्ट्री के पसंदीदा कपल्स में गिने जाते हैं। शादी के बाद दोनों कभी किसी एक फिल्म में नजर नहीं आए। अब पहली बार दर्शकों को यह मौका मिलने जा रहा है। ऋचा और अली जल्द ही अभिनेता, लेखक और निर्देशक शाशी वर्मा की दिल्ली की पृष्ठभूमि पर आधारित एक सिचुएशनल कॉमेडी फिल्म में साथ दिखाई देंगे। इस फिल्म को लेकर दोनों कलाकार काफी उत्साहित हैं और उनका कहना है कि यह उनके लिए बिल्कुल नया अनुभव होने वाला है। ऋचा चड्ढा ने कहा, फिल्म की कहानी ने मुझे शुरुआत से ही आकर्षित किया। यह रोजमर्रा की जिंदगी की छोटी-छोटी परिस्थितियों से हास्य पैदा करती है। सबसे खास बात यह है कि हंसी के बीच फिल्म समाज के बारे में एक महत्वपूर्ण बात भी कहती है। उन्होंने आगे कहा, दिल्ली पर आधारित कहानी में वापसी करना मेरे लिए कई प्यारी यादें भी लेकर आया, क्योंकि मेरी शुरुआती स्कूली पढ़ाई वहीं हुई है। अली और मैं पहले भी फिल्मों में नजर आ चुके हैं, लेकिन पर्दे पर इस तरह के रिश्ते को हमने कभी नहीं निभाया।

## श्वेता ने खोली पलक की पोल



**मुंबई** । श्वेता तिवारी का एक पुराना वीडियो सामने आया है, जिसमें उनकी बेटी पलक तिवारी काफी छोटी सी नजर आ रही हैं। इस वीडियो में श्वेता बेटी की शिकायत करती दिख रही हैं कि जब वो बाहर से घर आती हैं तो बेडरूम से लेकर हॉल का नजारा कैसा रहता है। श्वेता ने कहा कि दिन भर बेडरूम में, मेरी वॉरड्रॉब पर चॉक से लिखती रहती है। पलक ऐसा करती है बेडरूम में खड़े होकर अपने इमैजनरी स्टूडेंट्स को पढ़ा रही होती है। दिन भर मेरे वॉरड्रॉब पर, मेरे बेडरूम में, मेरी वॉरड्रॉब पर चॉक से लिखती रहती है। अपने वॉल पर लिख देती है चॉक से। घर में घुसती हूं मैं, हॉल में हर जगह लिखती रहती है। मैं कहती हूं इससे कि इतने तुम दीवार पर लिखती रहती हो, तुम्हें बड़े होकर टीचर बनना है? तो ये कहती है, नहीं नहीं मैं तो एक्ट्रेस बनूंगी। मैं इससे कहती हूं कि एक्ट्रेसेस ऐसे नहीं लिखतीं।

# सामंथा की फिल्म ने की रिकॉर्ड तोड़ कमाई...



*देश-विदेश में टिकटों की रिकॉर्डतोड़ बिक्री की बदौलत ये फिल्म अब जल्द ही 100 करोड़ रुपये के क्लब में शामिल होने की कगार पर है।*

**मुंबई**। सामंथा रुथ प्रभु की नई तेलुगू फिल्म 'मा इंटी बंगारम' बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है। महज 20 करोड़ रुपए के बजट में बनी इस फिल्म ने दुनियाभर में अब तक 90.15 करोड़ रुपए की दमदार कमाई कर ली है। देश-विदेश में टिकटों की रिकॉर्डतोड़ बिक्री की बदौलत ये फिल्म अब जल्द ही 100 करोड़ रुपये के क्लब में शामिल होने की कगार पर है। सामंथा रुथ प्रभु की 'मा इंटी बंगारम' ने भारत में 56.10 करोड़ और विदेशों से 25.20 करोड़ बटोरकर इतिहास रच दिया है। महज 10 दिनों में रिकॉर्ड तोड़ कलेक्शन कर यह सबसे ज्यादा कमाई करने वाली महिला-प्रधान तेलुगू फिल्म बन गई है। खास बात ये है कि इस ब्लॉकबस्टर फिल्म को सामंथा के पति राज निदिमोरु ने प्रोड्यूस किया है।
फिल्म में अहम किरदार निभा रहीं एक्ट्रेस नंदिनी ने फिल्म की सक्सेस की खुशी जाहिर करते हुए अपनी एक पोस्ट में लिखा, इस कहानी को अपनाने के लिए और हमारी हर बात को समझने के लिए और इस फिल्म को सेलिब्रेट करने के लिए आप सभी का शुक्रिया... यह वाकई दर्शकों की जीत है। यह जीत हमें एक अलग ही खुशी दे रही है।

## आई एम नॉट अफरेड 10 जुलाई से नेटफ्लिक्स पर होगी स्ट्रीम

# धमाकेदार होगा यह हफ्ता, ओटीटी पर दस्तक देगी धांसू फिल्में-सीरीज

*मुंबई। ओटीटी लवर्स के लिए आने वाला हफ्ता बहुत खास होने वाला है। इस हफ्ते ओटीटी पर कई बॉलीवुड और साउथ की फिल्में रिलीज होने वाली हैं। इसी के साथ कई सीरीज भी दस्तक देने वाली हैं।*

**फिल्म 'पेद्दी'** : राम चरण और जान्हवी कपूर की अदाकारी से सजी साउथ की फिल्म ने सिनेमाघरों में खूब धूम मचाया है। इसमें एक ऐसे खिलाड़ी की कहानी दिखाई गई है जो कई खेल में माहिर है। वह अपने गांव का नाम रौशन करना चाहता है, मगर राजनीति उसके आड़े आती है। यह फिल्म 9 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होने वाली है।

**पति पत्नी और वो दो** : आयुष्मान खुराना, वामिका गब्बी और रकुल प्रीत सिंह की अदाकारी वाली फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' को दर्शकों से



मिलीजुली प्रतिक्रिया मिली है। आयुष्मान खुराना ने इसमें ऐसे शख्स का किरदार निभाया है जो शादीशुदा है। उसकी मुश्किलें तब बढ़ जाती हैं, जब वह दूसरी लड़कियों से मिलता है। यह 10 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।



**इक्का** : सिद्धार्थ पी मल्होत्रा के निर्देशन में बनी फिल्म 'इक्का' में सनी देओल, दीया मिर्जा और अक्षय खन्ना हैं। इसमें एक सम्मानित वकील को उस हत्या के आरोपी का बचाव करना पड़ता है, जिसे उन्होंने पहले दोषी ठहराया था। मजबूरी में इस केस को लेने के बाद, वे अपने पुराने दुश्मन को आजाद कराने के लिए हर नियम को तोड़ते हैं। यह फिल्म 8 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

**बाल्टी** : स्पोर्ट्स ड्रामा बाल्टी चार कबड्डी के खिलाड़ियों पर आधारित है। उन्हें एक गैंग परेशान करता है। यह फिल्म मलयालम भाषा में रिलीज हुई थी। इसे हिंदी में भी डब किया गया है। इसे 10 जुलाई से सोनी लिव पर देखा जा सकता है।

**परिमाला एंड कंपनी** : तमिल भाषा की फिल्म 'परिमाला एंड कंपनी' एक डार्क कॉमेडी थ्रिलर है। इसमें सस्पेंस, फैमिली ड्रामा और ह्यूमर है। इसे पंडिराज ने डायरेक्ट किया है। इसमें जयराम, संजना कृष्णमूर्ति और अनंथिका सनिलकुमार हैं। यह फिल्म 10 जुलाई से जी 5 पर स्ट्रीम होगी।

**आई एम नॉट अफरेड** : मिस्ट्री ड्रामा वेब सीरीज 'आई एम नॉट अफरेड' में एक ऐसे लड़के की कहानी दिखाई गई है। जिसे अपने घर के पास एक लड़का जमीन के नीचे बंद मिलता है। यह सीरीज 10 जुलाई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

## खबर संक्षेप

### सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य का पूर्व नेता प्रतिपक्ष चंदेल ने किया भूमिपूजन



**जांजगीर-चांपा।** छ.ग. विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल जांजगीर-नैला नगर के वार्ड नं. 5 में सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य के भूमिपूजन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रेखा देवा गढ़वाल ने किया। जांजगीर-नैला नगर के वार्ड नं. 5 में बनने वाले सी.सी. रोड निर्माण कार्य लागत राशि 4.61 लाख रूपये एवं नाली निर्माण कार्य लागत राशि 4.99 लाख रूपये के निर्माण कार्य का विधिव रूप से पूजा-अर्चना कर, धूप-दीप जलाकर, श्रीफल तोड़कर भूमिपूजन किया। श्री चंदेल ने इस अवसर पर कहा कि सी.सी. रोड व नाली के निर्माण से आवागमन में सुविधा होगी, जलभराव-कीचड़ की समस्या दूर होगी जिससे आम नागरिकों को राहत मिलेगा। उन्होंने आगे कहा कि नगर के विकास के लिये हमारी सरकार प्रतिबद्ध है, शहरों को बेहतर बनाने का काफी काम हो रहा है। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष मोहन यादव, सांसद प्रतिनिधि विवेका गोपाल, वार्ड पार्षद रघुनंदन कश्यप, उमेश राठौर, पार्षद गुड्डु कहरा, अजीत गढ़वाल, गजानंद धुरव, रितेश मोनू अग्रवाल, कालू सेन, फिरदौस गुड्डा खान, मोन्टी खान, बंटी राठौर, जाहिर खान, मनोज कश्यप, बुटिया बरेठ, भरत यादव, सुंदरी कश्यप, विश्वनाथ कश्यप सहित बड़ी संख्या में वार्ड एवं नागरिकगण उपस्थित थे।

### परशुराम ब्राह्मण विकास समिति ने एसपी से की सौजन्य मुलाकात



**बिर्रा।** भगवान परशुराम ब्राह्मण विकास समिति जिला जांजगीर चाम्पा के पदाधिकारियों ने सोमवार 6 जुलाई की शाम जांजगीर में पुलिस अधीक्षक विजय पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उदयन बेहार एवं दीपक तिवारी से उनके कार्यालय में सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान पदाधिकारियों द्वारा एसपी विजय पाण्डेय, एएसपी उदयन बेहार तथा दीपक तिवारी का शॉल, प्रतीक चिन्ह एवं भगवान परशुराम जी का चित्र भेंट स्वरूप प्रदान कर सम्मान किया । मुलाकात के दौरान जिले में सामाजिक समरसता, कानून व्यवस्था एवं ब्राह्मण समाज के उत्थान से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। समिति के जिलाध्यक्ष पं. धनेश कुमार मिश्रा ने समाज में शिक्षा, संस्कार और सेवा के प्रचार-प्रसार के लिए समिति द्वारा चलाए जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए आगामी आयोजनों में प्रशासनिक सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की। समिति के संस्थापक एवं संरक्षक पं. मनोज कुमार तिवारी बिर्रा निवासी ने कहा कि प्रशासन और समाज के बीच बेहतर समन्वय से सामाजिक समरसता संभव हो रही है। उपाध्यक्ष पं. तोषण प्रसाद तिवारी एवं जिला संयोजक महिला प्रकोष्ठ श्रीमती जयंती दुबे ने महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन में पुलिस के सहयोगात्मक रवैये की सराहना की। पुलिस अधीक्षक विजय पाण्डेय एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उदयन बेहार ने समिति के सामाजिक समरसता के कार्यों की प्रशंसा की।

### आचार्य चाणक्य सभागार में लोक गायिका तीजन बाई को दी गई श्रद्धांजलि



**बिर्रा।** शारदा संगीत विद्यालय बिर्रा एवं संस्कार भारती जिला सक्ती के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को आचार्य चाणक्य सभागार बिर्रा में लोक संस्कृति को विश्वभर में गौरव दिलाने वाली पंडवानी लोक कला की विश्वविख्यात गायिका, पद्मश्री, पद्मभूषण एवं पद्मविभूषण से अलंकृत तीजन बाई के आकस्मिक निधन पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि के साथ हुई। इस मौके पर शारदा संगीत विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भावभीनी प्रस्तुति देते हुए तीजन बाई के जीवन दर्शन पर आधारित कबीर के दोहे, भजन एवं पंडवानी शैली में वादन-गायन प्रस्तुत कर उन्हें अपनी अनूठी श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक सभा को संबोधित करते हुए संस्कार भारती के जिला महामंत्री मनोज तिवारी ने कहा कि तीजन बाई का जाना छत्तीसगढ़ के लिए अपूरणीय क्षति है, वहीं सह महामंत्री जयंत कश्यप एवं श्रवण थवाईत ने उनके लोक जीवन और संघर्ष को युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा बताया। विद्यालय के पूर्व छात्र एवं ख्यातिलब्ध ज्योतिषाचार्य पं. प्रवीण कृष्ण तिवारी ने तीजन बाई के व्यक्तित्व को साधना और समर्पण की मिसाल बताते हुए कहा कि उनकी कला आने वाली पीढ़ियों को सदैव मार्गदर्शित करती रहेगी। इस अवसर पर हेमंत कश्यप, छोटेलाल पटेल, त्रिशाला महंत, सुष्मिता पटेल, आकांक्षा कैवर्त, सृष्टि काश्यप, आशा कश्यप, देवेंद्र पटेल, जयेश कश्यप, प्रज्ञा पटेल, मोती पटेल, दक्ष कश्यप एवं रतिराम सहित आचार्यगण, छात्र-छात्राएं एवं उपस्थित थे।

डीएनए जांच, काउंसलिंग और आंतरिक जांच के दिए निर्देश

# महिला आयोग की जनसुनवाई में 28 प्रकरणों पर हुई सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

जिला पंचायत जांजगीर सभाकक्ष में छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक एवं सदस्य श्रीमती सरला कोसरिया ने महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रस्तुत प्रकरणों पर जनसुनवाई की। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. नायक की अध्यक्षता में प्रदेश स्तर पर 410 वीं एवं जिले में 12 वीं जन सुनवाई हुई। प्रकरणों की संख्या 28 थे।

मंगलवार 7 जुलाई की सुनवाई के दौरान एक प्रकरण में आवेदिका ने बताया कि मार्च में परिवार परामर्श केन्द्र में सुलह नामा हो गया है। दोनों का 3 वर्ष 6 माह का एक बेटा है अनावेदक वन रक्षक के पद पर पदस्थ है। दोनों पक्ष अलग मकान लेकर सामंजस्य से रह रहे है। दोनों की सुनवाई किया गया तथा भविष्य में विवाद न करें इस समझाईस के साथ सुनवाई नस्तिबद्ध कर सखी प्रशासिका को निर्देशित किया गया है कि उभयपक्ष की काउंसलिंग महीने में एक बार करने कहा गया। अन्य प्रकरण में उभयपक्ष उपस्थित दोनों पक्ष को सुना गया इन अनावेदकगणों ने आयोग के समक्ष आवेदिका से माफी मांगी और इन्हीं आवेदकगणों ने 26 सितम्बर 2024 को महिला आयोग के कार्यालय में आयोग के कर्मचारी से बदतमीजी किया था। ऑफिस समय समाप्त होने के बाद आयोग कर्मचारियों से दुर्व्यवहार किया गया था जिसका गोल बाजार थाने में शिकायत किया गया था उस घटना के लिये सभी अनावेदकगणों ने आयोग की सुनवाई में माफी मांगा है। आवेदिका और उसकी सहेली को समझाईश दिया गया कि अनावेदकगणों के मामलों के बीच में ना आये क्योंकि अनावेदगणों के उपर एफआईआर करायी थी जिससे वह बाइज्जत बरी है, इस समझाईश के साथ प्रकरण नस्तिबद्ध किया गया। अन्य प्रकरण में आवेदिका उपस्थित अनावेदक अनुपस्थित अनावेदक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में लैब टेक्निशियन के पद पर कार्यरत है उसे 70 हजार मासिक वेतन मिलता है आयोग की पिछली सुनवाई में तय किया गया था कि पिछली सुनवाई में आवेदिका और उसके बच्चें का डीएनए का टेस्ट करायेगा उसका समस्त खर्च करायेगा और जांच अवधि तक 5000 भरण पोषण देगा। लेकिन आज दिनांक तक अनावेदक ने महिला आयोग के इस आदेश का पालन नहीं किया है ऐसी दशा में आज का आर्डरशीट प्रति सखी प्रशासिका को दिया जाता है और वे आवेदिका, अनावेदक एवं बेटा का डीएनए टेस्ट करायेगा जिसका समस्त खर्च वहन करेगा तथा 2 माह के भीतर डीएनए रिपोर्ट आयोग को भेजेगा। अन्य प्रकरण में आवेदिका उपस्थित अनावेदकगण अनुपस्थित आवेदिका ने आयोग के समक्ष इस तथ्य को छिपाया है कि उभयपक्ष के मध्य तलाक का मामला माननीय न्यायालय में लंबित है इस कारण प्रकरण को आयोग में सुना जाना असंभव है। इसलिए प्रकरण नस्तीबद्ध किया जाता है। अन्य प्रकरण में आवेदिका उपस्थित अनावेदक अनुपस्थित आवेदिकागण महिला चिकित्सक मोबाईल यूनिट में कार्यरत है। अनावेदक प्रोजेक्ट मैंनेजर है और उसके खिलाफ सभी महिला कर्मचारियों ने विस्तृत संशोधित शिकायत पुनः शिकायत आयोग में प्रस्तुत करेगी उसकी प्रति सखी प्रशासिका को देगी। सखी प्रशासिका आईसीसी कमेटी में जांच कराने हेतु सीएमओ शिवरीनारायण को पत्र प्रेषित करायेंगी।



प्रकरणों की सुनवाई करती राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष।

# बिजली कटौती से दर्जनभर गांव के उपभोक्ता परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिर्रा

- विद्युत संभाग सक्ती के उप संभाग हसौद के अंतर्गत विद्युत केंद्र चिस्दा का मामला

विद्युत वितरण उपकेंद्र चिस्दा द्वारा समय बेसमय लगातार बिजली की कटौती की जा रही है। इससे एक दर्जनभर से अधिक गांवों के विद्युत उपभोक्ता परेशान है। यहां चार दिनों से बिजली बंद होने पर लोगों में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने शीघ्र ही व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है।

गौरतलब है कि विद्युत संभाग सक्ती के विद्युत उप संभाग हसौद के अंतर्गत विद्युत वितरण उप केंद्र चिस्दा के कर्मचारियों के द्वारा बेवजह दिन हो या रात कभी भी विद्युत सप्लाई बंद कर दी जाती है। कभी ब्रेकडाउन तो कभी विद्युत शटडाउन का बहाना बनाकर चार दिन और चार रात से लगातार विद्युत सप्लाई बंद रहने से क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गांव के विद्युत उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विद्युत वितरण उपकेंद्र चिस्दा के अंतर्गत किकिरदा, करही, झरप, नगारीडीह, पेंड्री, चिस्दा, परसदा ,देवरीमठ, डोटमा, बरेकेल आदि सहित एक दर्जन गांवों में विद्युत सप्लाई की जाती है। लेकिन मजेदार बात यह है कि किकिरदा फीडर ब्रेकडाउन होने की बात कहकर ग्राम नगारीडीह से एबी स्विच काटकर किकिरदा फीडर को चालू कर दिया जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम नगारीडीह में विद्युत विभाग का कर्मचारी रहते है। ग्राम पंचायत किकिरदा के लोगों को अंधेरे में रात गुजारना पड़ता है। इसी तरह बरेकेल विद्युत फीडर में ब्रेकडाउन है। ऐसा बहाना बनाकर ग्राम बरेकेल से एबी स्विच काटकर विद्युत फीडर चालू कर दिया जाता है, जिसके कारण ग्राम करही एवं देवरीमठ और डोटमा के विद्युत उपभोक्ताओं को रात्रि भर रतजगा करना पड़ रहा है। वर्षों पहले ग्राम पंचायत हसौद में विद्युत मंडल की स्थापना किया गया है। तब आसपास क्षेत्र के गांवों के विद्युत उपभोक्ताओं के मन में आस जगी कि अब बिजली कटौती से राहत मिलेगी, लो वोल्टेज की समस्या से मुक्ति मिलेगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इधर चार दिनों से बिजली कटौती के चलते उपभोक्ताओं को बरसात के मौसम में जहरीले सांप, बिच्छू और जीव जंतुओं के काटने का खतरा भी मंडरा रहा है। इस संबंध में विद्युत उप संभाग हसौद के अस्सिटेंट इंजीनियर छत्रपाल दीवान का कहना है कि लगातार हो रही बारिश के कारण और सबसे ज्यादा आकाशीय बिजली के गिरने से बार-बार फाल्ट हो रहा है। रात्रि में थोड़ी परेशानी हो जाती है। लेकिन हमारे कर्मचारियों के द्वारा तत्काल मौके पर जाकर फाल्ट सुधार करके विद्युत व्यवस्था बहाल की जाती है।

## छात्राओं को वितरित की गई साइकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाराद्वार

नगर पंचायत नया बाराद्वार के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नवीन शैक्षणिक सत्र के अवसर पर शाला प्रवेश उत्सव और सरस्वती सायकल योजना के तहत सायकल वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

शाला प्रवेश उत्सव के दौरान विद्यालय परिसर को विशेष रूप से सजाया गया था। स्कूल पहुंचे नए छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। शिक्षकों और अतिथियों ने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी 'सरस्वती सायकल योजना' के अंतर्गत विद्यालय की पात्र छात्राओं को निःशुल्क सायकल वितरित की गई। सायकल पाकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि इस योजना से दूर-दराज से आने वाली छात्राओं को स्कूल आने-जाने में सुविधा होगी और उनके ड्रॉप-आउट दर में कमी आएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष टिकेश्वर गबेल, वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश सिंघानिया, नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण कुर्रे, नगर पंचायत उपाध्यक्ष जितेश शर्मा,भाजपा मंडल अध्यक्ष गेंदराम मनहर, जगेश राय, अरविन्द तिवारी, भाजपा जिला मंत्री एवं नवनियुक्त एल्डरमैन अरुण शर्मा, श्रीमति अनामिका तिवारी, रविन्द्र खांडे, पार्षद श्रीमति कमलेश्वरी देवी राठौर, अजय सिंह राजपूत, महावीर राठौर, रमेश गुप्ता शाला विकास समिति से श्रीमती कल्पना जिंदल, श्रीमति संगीता राठौर, अनीता राठौर सहित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, विद्यालय के प्राचार्य और शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।



# रेलवे कॉलोनी से लटिया रोड तक सड़क बदहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

- सफाई नहीं होने से आवागमन मुश्किल, वार्डवासियों में रोष

नगर पालिका परिषद अकलतरा के वार्ड क्रमांक 18 अंतर्गत रेलवे कॉलोनी से लटीया रोड तक जाने वाले मुख्य मार्ग की स्थिति लगातार बदतर होती जा रही है। बरसात शुरू होने के बाद सड़क के दोनों ओर झाड़ियां उग आई हैं, नालियों की नियमित सफाई नहीं होने से गंदगी फैल गई है और कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति बन गई है। इसके कारण इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों को प्रतिदिन भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते सफाई नहीं कराई गई तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है। वार्ड पार्षद कमलेश्वर दास वैष्णव ने बताया कि बरसात शुरू होने से लगभग 15 दिन पहले ही उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को समस्या की जानकारी देकर रेलवे कॉलोनी से लटीया रोड तक सड़क किनारे उगी झाड़ियों की कटाई, नालियों की सफाई तथा मार्ग को आवागमन योग्य बनाए जाने की मांग की थी। इसके बावजूद अब तक नगर पालिका की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे वार्डवासियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।यह मार्ग नगर के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए भी महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं एवं स्कूली बच्चे इसी रास्ते से आना-जाना करते हैं। सड़क की बदहाल स्थिति के कारण लोगों को कीचड़, गंदगी और झाड़ियों के बीच से होकर गुजरना पड़ रहा है। अभिभावकों का कहना है कि बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी हुई है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि नगर पहले पेयजल संकट और अनियमित बिजली आपूर्ति जैसी समस्याओं से जूझ रहा था, वहीं अब सफाई व्यवस्था भी पूरी तरह चरमरा गई है। लोगों का कहना है कि नगर पालिका द्वारा समय पर सफाई और रखरखाव नहीं किए जाने से आमजन को अनावश्यक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वार्डवासियों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी से मांग की है कि जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए रेलवे कॉलोनी से लटीया रोड तक के मार्ग की तत्काल सफाई कराई जाए, झाड़ियों की कटाई कर नालियों की सफाई सुनिश्चित की जाए, ताकि आम नागरिकों, ग्रामीणों और स्कूली बच्चों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।नागरिकों का कहना है कि बरसात के मौसम में सफाई व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरतना नगर पालिका की जिम्मेदारी है। यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो समस्या और विकराल रूप ले सकती है।


सड़क पर भरा बरसाती पानी।

## एकलव्य आवासीय विद्यालय में मूलभुत सुविधाओं का अभाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

- छात्राओं ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, शीघ्र व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग

एकलव्य आवासीय विद्यालय पलाड़ी की छात्राओं ने समय पर भोजन नहीं मिलने, शिक्षकों की कमी एवं हॉस्टल में पानी-बिजली सहित मूलभूत सुविधाओं के संबंध में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। गौरतलब है कि केंद्र सरकार गरीब बच्चों को अच्छी शिक्षा मुहैया कराने के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर रही है परंतु जिले के पलाड़ीखुर्द स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। छात्राओं ने बताया कि 4 जुलाई की रात से विद्यालय परिसर में बिजली आपूर्ति बाधित है। पानी की कमी के कारण छात्राओं को दैनिक उपयोग के साथ गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। छात्राओं का आरोप है कि समस्या से अवगत कराने पर प्राचार्य ने उनकी बात नहीं सुनी और उनके साथ उचित व्यवहार नहीं किया। उन्होंने बताया कि छात्रावास में बिजली नहीं होने से रात के समय जहरीले जीव-जंतु अंदर आ जाते हैं। विद्यालय में इनवर्टर की व्यवस्था केवल प्राचार्य कार्यालय तक सीमित है, छात्राओं ने बताया 30 जुलाई से यूनिट टेस्ट प्रस्तावित हैं, लेकिन विद्यालय में अंग्रेजी और गणित जैसे महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं। अन्य विषयों में भी शिक्षकों की कमी बनी हुई है। इसके अलावा अन्य एकलव्य विद्यालयों की तरह यहां रेमेडियल कक्षाएं भी संचालित नहीं की जातीं, जिससे पढ़ाई प्रभावित हो रही है। छात्राओं ने कलेक्टर से मांग की है कि विद्यालय की सभी समस्याओं की निष्पक्ष जांच कराकर आवश्यक सुविधाएं तत्काल उपलब्ध कराई जाएं, ताकि उन्हें सुरक्षित वातावरण और बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं मिल सकें।


ज्ञापन सौंपने कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे छात्र-छात्राएं।

## केरा बाईपास चौक का हुआ नामकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवरीनारायण

भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं प्रखर राष्ट्रवादी विचारक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के अवसर पर शिवरीनारायण स्थित केरा बाईपास चौक का नामकरण उनके सम्मान में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक के रूप में किया गया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को स्मरण किया। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष राहुल थवाईत, मंडल अध्यक्ष लोकेश बाबू, विक्की सोनी, कन्हैया यादव, संदीप यादव, ललित कश्यप, योगेश आदित्य, सतेन्द्र केवट, सविता तिवारी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक चेतना के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया। उनके आदर्श आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक का नामकरण उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है और इससे नई पीढ़ी उनके विचारों एवं राष्ट्रसेवा के आदर्शों से प्रेरणा लेगी। कार्यक्रम का समापन उपस्थित सभी लोगों द्वारा डॉ. मुखर्जी के आदर्शों पर चलने एवं राष्ट्रहित में कार्य करने के संकल्प के साथ किया गया।


नामकरण अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण।

घटनास्थल का विस्तृत डिजिटल रिकॉर्ड करने में मिलेगी मदद

# जांच और साक्ष्य संग्रहण की मजबूती के लिए विवेचकों को बांटे गए मोबाइल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

जिले में नवीन कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन, डिजिटल साक्ष्य संग्रहण और वैज्ञानिक जांच प्रक्रिया को मजबूत बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने जिले के पुलिस विवेचकों को 99 हाईटेक मोबाइल फोन वितरित किए। इस पहल से घटनास्थल पर डिजिटल साक्ष्य एकत्र करने, जांच में पारदर्शिता बढ़ाने और विवेचना को समयबद्ध तरीके से पूरा करने में बड़ी मदद मिलेगी।

पुलिस मुख्यालय रायपुर के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य अपराध अनुसंधान को अधिक तकनीक-सक्षम, साक्ष्य-आधारित और प्रभावी बनाना है। हाईटेक मोबाइल मिलने के बाद अब विवेचक घटनास्थल पर ही फोटो, वीडियो, लोकेशन और अन्य डिजिटल साक्ष्यों का तत्काल एवं सुरक्षित संग्रहण कर सकेंगे। इससे जांच प्रक्रिया तेज होने के साथ-साथ न्यायालय में प्रस्तुत किए जाने वाले साक्ष्यों की गुणवत्ता भी बेहतर होगी। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने सभी विवेचकों को निर्देश दिए कि प्रत्येक प्रकरण की विवेचना समय-सीमा के भीतर और पूरी गुणवत्ता के साथ पूरी की जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल साक्ष्यों की भूमिका लगातार बढ़ रही है। ऐसे में घटनास्थल से प्राप्त होने वाले हर महत्वपूर्ण डिजिटल साक्ष्य का वैज्ञानिक तरीके से संकलन और संरक्षण किया जाना आवश्यक है। उन्होंने विवेचकों से कहा कि प्रत्येक मामले में त्वरित रिस्पॉन्स, घटनास्थल का डिजिटल दस्तावेजीकरण, वैज्ञानिक पद्धति से साक्ष्य संग्रहण और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बेहतर समन्वय सुनिश्चित करें, ताकि अपराध अनुसंधान अधिक प्रभावी बन सके और पीड़ितों को शीघ्र न्याय मिल सके। पुलिस विभाग के अनुसार इस पहल से विवेचकों को आधुनिक तकनीकी संसाधनों का लाभ मिलेगा। मोबाइल उपकरणों की सहायता से वे घटनास्थल का विस्तृत डिजिटल रिकॉर्ड तैयार कर सकेंगे, आवश्यक साक्ष्यों को सुरक्षित रूप से संरक्षित कर पाएंगे तथा जांच के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों के साथ रियल टाइम समन्वय स्थापित कर सकेंगे।


विवेचकों को मोबाइल बांटते एसपी विजय पांडेय।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026, 06 जनवरी 2027 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411